## संक्षिप्त

### अवार्ड से सम्मानित होंगे संत हरिओम दास

**पावटा।** खोरी परमानंद धाम के संत हरिओम दास महाराज को सामाजिक एवं मानवीय क्षेत्र में उनके



उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्रेट इंडियन पार्लियामेंट अवार्ड-2026 राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 26 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार संत हरिओम दास को यह राष्ट्रीय पुरस्कार गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जनसेवा तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक जनजागरण के क्षेत्र में किए जा रहे उनके निरंतर कार्यों के लिए दिया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से वे समाज सेवा के विभिन्न आयामों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जरूरतमंदों की सहायता, गौवंश संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए कार्य कर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले सहित राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र की अनेक प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। समारोह के दौरान संत हरिओम दास को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### कौशल विकास शिविर का समापन

**लालसोट।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहुवास में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का मंगलवार को समापन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में विभिन्न प्रशिक्षण वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच मोतीलाल रहे तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य एवं ब्लॉक सहायक कमिश्नर शंभूदयाल मीना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष रामनारायण मीना और धर्मपाल मीना मौजूद रहे। सहायक शिविर प्रभारी रामोतार रैगर ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी नवीन शर्मा सुकार और सहायक सचिव राजेश शर्मा ने अतिथियों को बच्चों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन कराया।

### सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन निवाई शाखा द्वारा जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता अ-प्रथम को तकनीकी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारियों के कार्य-विभाजन, उत्तरदायित्व व एफआरटी कार्य प्रणाली के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में किसी भी असमंजस या दुर्घटना की स्थिति से बचा जा सके। कर्मचारियों ने बताया कि आदेशों के अभाव में फीडर प्रभारियों एवं लाइन स्टाफ को अत्यधिक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एलटी लाइन के रखरखाव, दोष निवारण व तार टूटने जैसे कार्यों के लिए निगम द्वारा एफआरटी को नियुक्त किया गया है और इसके लिए भारी भुगतान भी किया जा रहा है, इसलिए ऐसे कार्यो से विभागीय कर्मचारियों को पूर्णतः मुक्त रखकर सिर्फ एफआरटी को ही पाबंद किया जाना चाहिए।

### शिविर में 685 लोगों की स्क्रीनिंग

**निवाई।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलेई एवं अलियाबाद में टीबी जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 685 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग कर उन्हें टीबी रोग के लक्षणों, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णु कान्त खंगार ने बताया कि शिविर में आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से 176 संदिग्ध व्यक्तियों के चेस्ट एक्स-रे किए गए। जांच के दौरान संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच एवं उपचार हेतु चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत टीबी के उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की विशेष रूप से स्क्रीनिंग की जा रही है। पात्र व्यक्तियों की निक्षय आईडी बनाकर आवश्यक जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच, नियमित दवा सेवन तथा रोग की रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

# मुखर्जी का पूरा जीवन देश की अखंडता के लिए समर्पित था : सांसद राव राजेंद्र सिंह

**कोटपूतली/पावटा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने बलिदान दिवस के आयोजनों के तहत बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और विचार गोष्ठियों के आयोजन करने का आ ान किया एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पढ़ने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। सांसद सिंह ने कहा कि मुखर्जी का पूरा जीवन देश की अखंडता के लिए समर्पित था




**कोटपूतली में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।**

और कश्मीर के पूर्ण विलय के लिए उनके द्वारा दिया गया नारा 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' आज धरातल पर साकार हो चुका हैं। उन्होंने कहा कि मुखर्जी के आदर्श और विचार ही भारतीय जनता पार्टी की आत्मा हैं, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके 'राष्ट्र हित सर्वोपरि' के मूलमंत्र को जन-जन तक पहुँचाना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए उनके

**■ भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया**

सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित एवं राष्ट्रगीत के साथ की गई। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रकाश डालते हुए बलिदान दिवस अभियान के रूप में 23 जून से लेकर 06 जुलाई तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसी के साथ कार्यक्रम में जयपुर जिले के प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज द्वारा कार्यकर्ताओं को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था और 23 जून 1953 को नजरबंदी के दौरान ही रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया था। इस दौरान उनके जीवन, शिक्षा, और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को याद किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी एवं कार्यशैली से सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

## फलेरा में हीरक जयंती समारोह संपन्न

**फुलेरा।** वात्सल्य वारिधि पंचम पट्टाधीश 108 आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के सानिध्य एवं 36 साधु संघ की उपस्थिति में आचार्य श्री धर्म सागर जी महाराज की मुनि दीक्षा के 75वें वर्ष तथा पंचकल्याणक हीरक जयंती के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुए। 22 एवं 23 जून को आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मंगलवार को आचार्य श्री धर्म सागर विधान की पूजा पुण्यार्जक परिवारों द्वारा अष्ट द्रव्यों से विधि-विधानपूर्वक की गई। जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल, मेवा एवं श्रीफल आदि द्रव्यों से पूजा संपन्न हुई। मंत्रोच्चार मुनि श्री हितेंद्र सागर जी महाराज द्वारा कराए गए। इस अवसर पर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के सानिध्य में आचार्य श्री धर्म सागर भवन एवं आचार्य श्री धर्म सागर सड़क का लोकार्पण समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम 28 को

**शाहपुरा।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह का जन्मदिन 28 जून के उपलक्ष्य में जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आमजन द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के तहत भारतीय सनातन संस्कृति अनुसार मानव जीव सेवा करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इसके तहत सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में आयोजित हुई। जिसके तहत 24 जून को हनुमंत निवास बाग में स्वास्थ्य जांच शिविर, 25 जून को मंदिर में स्वच्छता अभियान, 26 जून को राजकीय अस्पताल में फल वितरण, 27 जून को गौशाला सेवा, 28 जून जन्मदिवस पर वृक्षारोपण आदि।


## नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम शिरोमणी कंवर से बदलकर गिरिराज राठौड़ पत्नी श्री करण सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे गिरिराज राठौड़ के नाम से जाना जावे। पताः-अ-1 खुड़हाउस, सीकर हाउस, शास्त्रीनगर, जयपुर, राजस्थान

हमने अपने पुत्र का नाम भविक से बदलकर भविक अजमेरा कर दिया है। भविष्य में, उसे भविक अजमेरा पुत्र अंकित अजमेरा एवं महिमा अजमेरा, पताः A-60-A, मेजर शैतान सिंह कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर 302016 के नाम से जाना जाये।

मै लंकाबाई बबन आंबेकर माताजी आर्मी नंबर 17024134W, रैंक CFN आंबेकर श्यामकांत बबनराव, निवासी-गांव भोयरे पठार, तह. नगर, जिला-अहमदनगर, महाराष्ट्र ने अपने बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में अपना नाम लंकाबाई से बदलकर लंकाबाई बबन आंबेकर और जन्मतिथि 12-08-1966 से बदलकर 01-01-1973 कर दिया है।

मै बबन मारुती आंबेकर पिता आर्मी नंबर 17024134W, रैंक CFN आंबेकर श्यामकांत बबनराव, निवासी गांव भोयरे पठार, तह. नगर, जिला-अहमदनगर, महाराष्ट्र, ने अपने बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में अपना नाम आंबेकर बबनराव मारुती से बदलकर बबन मारुती आंबेकर और जन्मतिथि 04-04-1962 से बदलकर 01-06-1962 कर दिया है।

मै अनुसुईया पत्नी आर्मी नंबर 3203132L, एक्स-हवलदार अशोक कुमार डुडी, निवासी गाँव- नैनासर, तहसील- सरदारशहर, ज़िला- चूरू, राजस्थान, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड मे मेरा नाम अनुसया (Anusaya) व जन्मतिथि 15-08-1990 गलत दर्ज है, सही नाम अनुसुईया (Anusuia) व जन्मतिथि 15-08-1992 सही दर्ज करवाना चाहती हुँ।

## खोया पाया

मेरे भूखंड संख्या 51 हथरोई गढ़ी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर की योजना सुख विहार की समिति द्वारा जारी मूल रसीद कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें लिस्सी वर्गिस मोबाइल नंबर: 6381311422

मेरे प्लाट नं-212 गुलाबी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना मोती नगर जयपुर का समिति से जारी मूल सोसाइटी रसीद कही गुम हो गयी है सूचित करे- पूनम चौहान मो. 9829015851

मेरे प्लाट नं- K.N. 246 निजी खातेदारी की योजना- सिंघल पट्टा के मूल दस्तावेज़ आवंटन-पत्र, कब्ज़ा पत्र, स्वीकृति पत्र, साईट प्लान एवं अन्य दस्तावेज़ जयपुर मे खो गये है मिलने पर सूचित करे-वैभव खण्डेलवाल मो. 9871875937


# भरतपुर में भाजपा ने डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

### दौसा में बलिदान दिवस मनाया

**दौसा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि आज बलिदान दिवस के रूप में मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करने हुए कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

एकराष्ट्र, एक संविधान, एक निशान, राष्ट्र प्रथम की भावना कों ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने कहा कश्मीर से धारा 370,35ए हटाकर मोदी सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कों सच्ची श्रद्धांजलि दी है, कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष टीकम सिंह गुर्जर, सत्यनारायण साहरा, नीलम गुज़र,ममता सैनी ने भी सम्बोधित किया।

**भरतपुर** (निस)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भरतपुर पहुंचे। जहां भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर में जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डॉ. मुखर्जी के योगदान को याद किया तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज का दिन भारत के लोकतांत्रिक, भारत के इतिहास में निश्चित रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि आज पूरा भारत एक ऐसे महामना, एक ऐसे विचारक, एक ऐसे



**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुखर्जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।**

विचार के प्रतिपादक व्यक्ति की पुण्यतिथि मना रहा है, जिसने संघर्ष का रास्ता चुनकर के एक विचार को इस तरह से स्थापित किया कि वो विचार का बीज पूरे विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक दल ऐसा बन गया है।

और उस विचार की स्थापना के समय से ही जिस मार्ग, जिस रास्ते पर चल कर के वो नव-स्थापित राजनीतिक दल जिस महान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सत्ता को एक साधन मानते हुए आगे बढ़ रहे हैं, देश की जनता ने पिछले वर्षों में उस पर बड़ा विश्वास और भरोसा व्यक्त किया है। और लगातार तीन बार देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का सौभाग्यपूर्ण अवसर दिया है। हम सब सौभाग्यशाली और भी हैं क्योंकि राजस्थान की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद देकर के, इसी धरती के भरतपुर के लाल भजनलाल के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का सौभाग्य दिया है। आज देश और प्रदेश की सरकार जिस तरह से श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बताए हुए, दिखाए हुए मार्ग पर चल कर भारत को विकसित भारत बनाने, और भारत के सामान्य मानव के जीवन में परिवर्तन लाने के मार्ग पर चल कर काम कर रही है, आज भारत का परिवर्तन पूरा विश्व महसूस कर रहा है। पिछले 12 वर्षों में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक तरफ गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने का सफलतापूर्वक काम किया।

# ईटावा के कमलेश को शिविर में मकान का पट्टा मिला

**जयपुर।** जयपुर जिले की ईटावा भोजजी ग्राम पंचायत निवासी कमलेश कुमार सोनी पैतृक जमीन के पट्टे के लिए पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार समेत कई अधिकारियों के कार्यालयों में जा-जाकर थक गया

**■ वह अपने मकान का पट्टा लेकर अपने मन को संतुष्ट करना चाहता था कि यह उसी का घर है, अब उसे कोई बेदखल नहीं कर सकता, उसके बाद उसके बच्चे इस घर के मालिक होंगे लेकिन सब जगह से अब तक उसे पट्टा नहीं मिल पा रहा था**

था। वह अपने मकान का पट्टा लेकर अपने मन को संतुष्ट करना चाहता था कि यह उसी का घर है, अब उसे कोई बेदखल नहीं कर सकता, उसके बाद



**ईटावा भोजजी ग्राम पंचायत के कमलेश कुमार सोनी को ग्रामीण सेवा शिविर में पट्टा वितरण किया।**

उसके बच्चे इस घर के मालिक होंगे लेकिन सब जगह हाथ-पैर मारने के बाद भी अब तक उसे पट्टा नहीं मिल पा रहा था।

सोमवार को ईटावा भोजजी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर लगने की जानकारी मिलने पर कमलेश पुत्र रामगोपाल सोनी वहां पहुंचा और अपनी समस्या बताई। ग्राम पंचायत ने उसे निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पट्टा जारी कर शिविर स्थल पर ही पट्टा दे दिया। मकान का मालिकाना हक मिलने पर कमलेश ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए शिविर को आमजन के लिए वरदान बताया है।

## चाकसू में मातमी धुनों के बीच निकाला आलम सद्दे का जुलूस

**चाकसू।** चाकसू कस्बे में मुस्लिम समाज ने मंगलवार की शाम को हजरत अलम बरदार की शहादत की याद में मातमी धुनों के बीच आलम सद्दे का जुलूस निकाला। आलम सद्दे का जुलूस मस्जिद लुहारांन से रवाना हुआ जो मोहल्ला करारखानीयान , देशवालीयान ,व नागोरी मोहल्ले सें होते हुए दलालो के मोहल्ले में पहुंचा ।इसके बाद हे गमी महोल व मातमी धुनों के साथ मुस्लिम युवाओ का जुलूस मुख्य बाजार होता हुआ पीर जलाल शाह बाबा के परिसर में पहुंचा । इस दौरान अखाडो से युवको ने शारिरिक प्रदर्शन के साथ कई तरह के करतब भी दिखाये वही जुलूस में एक घोड़ी के करतब भी आकर्षक रहे ।इस दौरान रास्ते मे कई स्थानो पर ठंडे पानी व शर्बतों की छबीले लगाई गई। इस अवसर पर लोगो ने फातिया भी पढी वही ईमाम हुसेन के डोरे भी बांधे । गौरतलब है कस्बे में 25 जन की रात्री व 26 जून को दिन में 7 ताजिये निकाले जायेंगे जिनकी तैयारियां जोरों पर चल रही है वही पुलिस प्रशासन ने ताजियेदारो के लाइसेंस बनवा कर उपलब्ध करवा दिये है । इस अवसर पर चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के अच्छे इंतजाम कर रखे थे। आलम सद्दे के जुलूस में मुस्लिम नोजवान वेकफेयर सोसायटी अध्यक्ष आमीन खान, सचिव इरफान खत्री , उस्ताद शमीम भाई , मुस्लिम महासभा के इकबाल भाटी , हाफिज शाहिद , हाफिज शाह , ,रज्जाक लुहार , अनीश भाई सहित कई समाज के लोग मौजूद थे । वही चाकसू एसीपी भवानी सिंह ने मोहर्रम के अवसर पर सीएलजी व पुलिस मित्रो की एक आवश्यक मीटिंग ली जिसमे तजियेदारो ने साफ -सफाई, बिजली के ढीले तारो की खिंचाई , पानी की व्यवस्था की बात रखी बैठक में थाना प्रभारी मनोहर लाल मेघवाल, नगरपालिका स्वास्थ्य निरीक्षक कुलजीत सिंह आदि।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.), चौमूँ जयपुर

राधाबाग कॉलोनी सीकर रोड चौमूँ

PH. NO. 01423-220047 FAX No. 01423-223873, Email:- KUMS.CHOMUFV@rajasthan.gov.in

क्रमांक-22994481 **निविदा सुचना** दिनांक-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में 2026-27 में जल एवं प्रकाश व्यवस्था के संचालन एवं रख-रखाव के कार्य करवाने हेतु ठेके पर देने के लिये इच्छुक निविदादाताओं से निविदायें आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. सं. | कार्य/व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | ठेके हेतु प्रक्रिया | निविदा प्रस्तुत एवं निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जल एवम् प्रकाश व्यवस्था के संचालन एवं रख-रखाव हेतु | एक वर्ष | निविदा | 30.06.2026 |

जल एवं प्रकाश व्यवस्था के संचालन एवं रख-रखाव हेतु प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, शर्तें व जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.) चौमूं जयपुर


# भण्डारी-मुखर्जी के जीवन से युवा प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा करें : कटारिया

**अलवर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया और राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को प्रताप ऑडिटोरियम में सुन्दर सिंह भण्डारी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यान माला में देशसेवा और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 वरिष्ठजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में सुन्दर सिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर की ओर से सुन्दर सिंह भण्डारी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर व्याख्यान माला एवं विशिष्ट जन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चन्द कटारिया और राजस्थान विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि रहे।

इस मौके पर राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया ने दोनों महापुरुषों को



**अलवर में सुन्दर सिंह भण्डारी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में वरिष्ठजन को सम्मानित किया।**

नमन करते हुए कहा कि सुन्दर सिंह भण्डारी का सादगीपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहा। युवा पीढ़ी को इनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशभक्ति के प्रति संकल्पित भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमें सब कुछ देता है, हमें भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश सेवा के कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। भारत ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही है और हमें भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए।

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व प्रेरणादायी रहा और उनका जीवन राष्ट्रीय भावना के निर्माण को समर्पित रहा। उन्होंने देशभक्ति की भावना के साथ प्रखर राजनीतिज्ञ के रूप में काम करते हुए देश को आगे बढ़ाया। समारोह में सम्मानित

**■ पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया और देवनानी को मिशन सच नेटवर्क के डायरेक्टर राजेश रवि ने 'जैन आइकॉन्स अलवर' पुस्तक भेंट की**

वरिष्ठजनों ने राष्ट्र प्रेम को अग्रणी रखते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। युवा पीढ़ी को इनसे सीख लेकर देश को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भण्डारी और मुखर्जी के आदर्श, नैतिक मूल्य और राष्ट्रभक्ति आज भी प्रासंगिक हैं। डॉ. मुखर्जी राष्ट्र की अखण्डता के विचार पर बल देते थे और इस विचार को भण्डारी ने आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य किया।


## कार्यालय नगर परिषद, टोंक

क्रमांक - एमसीटी / 2026-27/4261-63 दिनांक - 23.06.2026

### इश्तेहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा पट्टा बनवाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है।

| क्र.सं. | नाम पिता/पति | कॉलोनी | साईज | भूखण्ड संख्या | पट्ट की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश चन्द जाट/जवाहर लाल जाट | एन्जल प्राईम | 88.88 वर्गगज | 49 | कृषि भूमि |
| 2 | मोती शंकर तिवारी/कैलाश चन्द तिवारी | द्वारिका नगरी | 150 वर्गगज | 64 | कृषि भूमि |
| 3 | विमला शर्मा/मोती शंकर तिवारी | द्वारिका नगरी | 150 वर्गगज | 30 | कृषि भूमि |
| 4. | गणेश शर्मा/ रूपनारायण शर्मा | महावीर नगर एक्सटेंशन | 150 वर्गगज | 114 | कृषि भूमि |
| 5 | जितेन्द्र कुमार/नेमीचन्द जैन | महावीर नगर एक्सटेंशन 2 | 180.75 वर्गगज | 21 | कृषि भूमि |
| 6 | श्वेता वैद पुत्री श्री पुखराज वैद परिन श्री पीयुष जैन/कृतिका जैन पत्नि श्री नितिन कुमार जैन | महावीर नगर विस्तार | 168.37 वर्गगज | 20 व 21-ए | कृषि भूमि |
| 7 | नेमी चन्द जैन/स्वरूप चन्द जैन | महावीर नगर विस्तार | 324.91 वर्गगज | 22-ए व 23 | कृषि भूमि |
| 8 | मोती शंकर तिवारी/कैलाश चन्द तिवारी | द्वारिका नगरी | 150 वर्गगज | 95 | कृषि भूमि |
| 9 | संजीदा/अब्दुल अजीज | कच्ची बस्ती नहर के पास धन्ना तलाई | 133.33 वर्गगज | 06 | कृषि भूमि |
| 10 | लाली देवी/पप्पू लाल जाट | बृज विहार सी | 79.86 वर्गगज | 53-सी | कृषि भूमि |
| 11. | दीपक चौधरी / हेमराज जाट | बृज विहार सी | 94.44 वर्गगज | 53-बी | कृषि भूमि |
| 12 | संतोष/अशोक कुमार | शिव शक्ति नगर | 50 वर्गगज | 110 | कृषि भूमि |
| 13 | विजेन्द्र सिंह/मान सिंह | गणपुति नगर | 22.22 वर्गगज | 47 | कृषि भूमि |
| 14 | हेमलता चौधरी/श्री मदन लाल चौधरी | तिलक नगर | 166.66 वर्गगज | 85, 86, 87 | कृषि भूमि |
| 15 | भगवान नारायण गौतम/कैलाश चन्द तिवाडी | द्वारिका नगर | 150 वर्गगज | 321 | कृषि भूमि |
| 16 | कजोडमल बैरवा/धूलाराम बैरवा | कनक वाटिका | 88.88 वर्गगज | 173 | कृषि भूमि |
| 17 | सरिता वाढीया/महेन्द्र बैरवा | गणपति नगर | 66.66 वर्गगज | 272 | कृषि भूमि |
| 18 | बच्ची देवी/टीकाराम मीना | त्रिवेणी नगर | 77.77 वर्गगज | 82-बी | कृषि भूमि |
| 19 | मौसनी भाई/दिनेश गौणा | त्रिवेणी नगर | 77.77 वर्गगज | 82-ए | कृषि भूमि |
| 20. | धनराज मीणा/श्योजी लाल मीणा | पार्श्वनाथ एनक्लेव ब्लॉक-बी | 133.33 वर्गगज | 181, 182 | कृषि भूमि |
| 21. | बाबुड़ी/गेन्दी लाल | पार्श्वनाथ एनक्लेव ब्लॉक-बी | 65.66 वर्गगज | 114 | कृषि भूमि |
| 22 | बाबूडी/गेन्दी लाल | पार्श्वनाथ एनक्लेव ब्लॉक-बी | 66.66 वर्गगज | 123 | कृषि भूमि |
| 23 | ताहेरा/लियाकतुल्ला खां | ग्रीन पार्क बी | 100 वर्गगज | 24, 25 | कृषि भूमि |
| 24 | दशरथ खिंची/मुलचन्द खिंची | अम्बिका कॉलोनी | 111.11 वर्गगज | 40 | कृषि भूमि |
| 25. | रामपाल खिंची/मूलचन्द खिंची | अम्बिका कॉलोनी | 111.11 वर्गगज | 40-ए | कृषि भूमि |
| 26. | विकास कुमार बैरवा/राजेश कुमार बैरवा | बसन्त विहार | 150 वर्गगज | 25 | कृषि भूमि |
| 27. | अर्चना बैरवा/संजय दत्त बैरवा | जय सन्तोष नगर | 51.11 वर्गगज | 90, 91 | कृषि भूमि |
| 28. | मन्जू गुप्ता/भगवान दास गुप्ता | बनी पार्क | 88.88 वर्गगज | 242 | कृषि भूमि |
| 29 | नवदीप जीतरवाल/गोपाल लाल जाट | आर्शीवाद नगर | 77.50 वर्गगज | 14 | कृषि भूमि |
| 30 | नवदीप जीतरवाल/गोपाल लाल जाट | आर्शीवाद नगर | 111.11 वर्गगज | 41 | कृषि भूमि |
| 31 | सीता/गोपाल | आर्शीवाद नगर | 111.11 वर्गगज | 42 | कृषि भूमि |
| 32 | जय नारायण वर्मा/मोती लाल वर्मा | गणपति नगर | 150 वर्गगज | 126 | कृषि भूमि |
| 33. | प्रेमचन्द/मुलचन्द | अम्बिका कॉलोनी | 275 वर्गगज | 20-सी | कृषि भूमि |
| 33 | मुन्नी बाई/मोहन लाल | अम्बेडकर कॉलोनी | 90 वर्गगज | 26-बी | कृषि भूमि |
| 34 | शिवराज जाट/रामनिवास जाट | एन्जल प्राईम | 88.88 वर्गगज | 68 | कृषि भूमि |
| 35 | शिवराज जाट/रामनिवास जाट | एन्जल प्राईम | 88.88 वर्गगज | 67 | कृषि भूमि |
| 36. | राजेश कुमार बैरवा/कजोडमल बैरवा | बसन्त विहार कॉलोनी | 150 वर्गगज | 24 | कृषि भूमि |
| 37 | सीता चौधरी/नेहनू लाल चौधरी | रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने | 150 वर्गगज | 09 | कृषि भूमि |
| 38 | हरिराम सैनी/प्रहलाद सैनी | सन सिटी | 100 वर्गगज | 718, 719 | कृषि भूमि |
| 39 | रजिया बानी/इकरामुद्दीन | विजय नगर कॉलोनी | 150 वर्गगज | 180 | कृषि भूमि |
| 40 | शंकर लाल चन्देल / रंग लाल खटिक | रामकृष्ण नगर | 175 वर्गगज | 60 | कृषि भूमि |

यदि इस कार्य से किसी आम, खास को उज/आपत्ति हो तो परिषद में प्रकरण सम्बन्धित दस्तावेजात सहित 07 दिवस के भीतर-भीतर अपनी आपत्ति भय प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेजात सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार चाहा गया पटटा जारी कर दिया जायेगा।

आयुक्त
नगर परिषद टोंक